दिनांक 14.07.2024 समय: 2.10PM

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भो□ाल
दो□हर समाचार

पौधारोपण—अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज इंदौर में एक दिन में रिकॉर्ड 11 लाख पौधे लगाने के अभियान का शुभारंभ किया। श्री षाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक पेड़ मां के नाम का आह्वान आज एक जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने इंदौर में पौधारोपण के विष्व रिकार्ड बनाने पर बधाई देते हुए कहा कि इससे षहर की वैष्विक पहचान बनेगी।

इंदौर में कुल 51 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्य के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावाट, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, सहित विधायक, जन—प्रतिनिधि, विद्यार्थी, शिक्षा समुदाय से जुड़े लोग और आम नागरिक उपस्थित रहे। इसके पहले श्री शाह ने पितृ पर्वत स्थित पितरेश्वर मंदिर में दर्शन—पूजन किया।

....

अमित शाह—कॉलेज

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज प्रदेश के 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ करेंगे। इंदौर के अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया गया है। यह कार्यक्रम प्रत्येक जिला मुख्यालय पर भी होगा। शासन द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रमों के लिए विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्रियों को नामांकित किया गया है, जो मुख्य कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री शाह मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी और महाविद्यालय के काउंटर का भी वर्चुअल शुभारंभ और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का शुभारंभ भी करेंगे। पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों के लिए बस सेवा की शुरुआत करेंगे।

रीवा के शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय को पीएम श्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन किया गया है। उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल आज आयोजित समारोह में महाविद्यालय का शुभारंभ करेंगे। वहीं धार में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, का विधिवत् शुभारंभ में मुख्य अतिथि विधायक नीना वर्मा रहेंगी।

आगरमालवा जिला मुख्यालय स्थित शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में हो रहा शुभारंभ कार्यक्रम कॉलेज प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। एक्सीलेंस कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के अनुरूप सभी कोर्स उपलब्ध होंगे। इसके अलावा इन कॉलेजों में सभी तरह के शैक्षणिक संसाधन मौजूद होंगे। इन कॉलेजों का पूरा लाभ युवा पीढ़ी को मिलेगा। अब हर जिले में युवाओं की बेहतर शिक्षा का आधार "प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस" में उत्कृष्ट गुणवत्तापूर्ण समग्र समावेशी एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा मिलेगी।

....

प्रधानमंत्री–ट्रम्प हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प पर हुए हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में घटना की निन्दा करते हुये कहा कि राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। श्री मोदी ने श्री ट्रम्प की हालत में शीघ्र सुधार की कामना की और कहा कि भारत के लोग पीडित परिवार, घायलों और अमरीकी जनता के साथ हैं। उल्लेखनीय है कि अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प कल रात पेन्सिलवेनिया में एक चुनाव–सभा में गोली चलने से घायल हो गए। इस सिलसिले में, सुरक्षाकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बंदूकधारी को मार गिराया है। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हुई है और एक अन्य व्यक्ति की हालत गंभीर है।

....

मौसम–बारिष–प्रदेष

भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है। भोपाल शहर में आज सुबह फुहारें पड़ीं, कल रात में भी कहीं कम तो कहीं ज्यादा बारिश हुई। जबलपुर, खरगोन, सागर, सतना, सिवनी, मलाजखंड, धार, विदिशा में भी कल पानी गिरा। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के दक्षिणी हिस्से इंदौर, छिंदवाड़ा समेत 20 जिलों में तेज बारिश की संभावना जताई है। पूरे प्रदेश में बिजली गिरने और चमकने के भी आसार हैं। इस बीच मौसम विभाग ने कहा कि भोपाल समेत पश्चिम मध्यप्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में अभी तेज बारिश की संभावना नहीं क्योंकि अभी कोई बड़ा मानसूनी सिस्टम सक्रिय नहीं है।

....

भारत–जिम्बाब्वे–टी20

भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांच टी–20 मैचों की श्रृंखला का अंतिम मैच आज हरारे में खेला जाएगा। यह मैच शाम साढे चार बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम इस श्रृंखला में पहले ही 3–1 की अजय बढ़त ले चुकी है।

इससे पहले, चौथे टी–20 मैच में, भारत ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 152 रन बनाये। भारत ने यह लक्ष्य 16वें ओवर में ही हासिल कर लिया। यशस्वी जयसवाल ने 93 रन बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

....